Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन काउंसिल ने लोकल रेस्टोरेंट्स की मदद के लिए पैटियो ब्रैम्पटन प्रोग्राम की अवधि 2021 तक बढ़ाई

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (29 अक्तूबर, 2020) – कल अपनी मीटिंग में, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने, सिटी के पैटियो ब्रैम्पटन (Patio Brampton) प्रोग्राम को 7 सितम्बर, 2021 तक बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से वोट दी। इस प्रोग्राम से रेस्टोरेंट्स, बार्स और खानपान संबंधी अन्य संस्थान, विस्तृत आउटडोर डाइनिंग स्पेसिज (खानपान संबंधी बाहरी स्थान) पेश करना जारी रख पाएंगे।

9 अक्तूबर को, ओनटैरियो प्रांत ने पील रीजन (Peel Region) के लिए संशोधित स्टेज 2 स्तर में दाखिल होने की घोषणा की थी, जिसमें इनडोर डाइनिंग (अंदरूनी जगह पर खानपान) स्थानों को, 9 अक्तूबर की आधी रात से, कम से कम 28 दिनों के लिए अस्थायी रूप से बंद रखना शामिल था। पैटियो ब्रैम्पटन प्रोग्राम के विस्तार का उद्देश्य, इस अवधि के दौरान इन कारोबारियों को सहयोग करना और पूरी सर्दी, बढ़ी हुई सीटों वाले क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त अवसर प्रदान करना है।

काउंसिल ने यह भी निर्देश दिया कि निम्नलिखित की हिमायत के लिए प्रांत को पत्र भेजे जाएं:

- लाइसेंसों के लिए प्रशासनीय बोझ को कम करने हेतु रेस्टोरेंट्स को उनके मौजूदा लाइसेंसशुदा पैटियो के फिजीकल साइज का अस्थायी तौर पर विस्तार करने का लचीलापन प्रदान करने के लिए या नए लाइसेंसशुदा पैटियो को अस्थायी तौर पर शामिल करने के लिए, शराब संबंधी लाइसेंस की अवधि 1 जनवरी, 2021 तक बढ़ाने की अनुमति; और,
- ऐसे अधिनियम, जिनसे रेस्टोरेंट्स, बार्स और खानपान संबंधी अन्य संस्थान, आंशिक तौर पर मौजूदा और विस्तृत पैटिको को अपने साथ शामिल कर सकेंगे, ताकि सुरक्षित रूप से संचालन करते हुए, सर्दी के महीनों के दौरान इन संस्थानों को चलाने में सहायता मिल सके।

विंटर पैटियोज (Winter Patios) के बारे में जानकारी और निर्देशों के लिए, कारोबारी को पैटियो ब्रैम्पटन के वेबपेज (Patio Brampton webpage) पर जाना चाहिए या invest@brampton.ca पर संपर्क करना चाहिए।

**हवाले**

"हम इस मुश्किल समय में, हमारे रेस्टोरेंट्स और बार्स की मदद करने का हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पैटियो ब्रैम्पटन प्रोग्राम का विस्तार, इनडोर डाइनिंग बंद होने के समय हमारे कारोबारियों को ग्राहकों के लिए आउटडोर सेवा प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगा और प्रांत के द्वारा इनडोर डाइनिंग को दुबारा खोलने की अनुमति देने पर अतिरिक्त जगह प्रदान करेगा। मैं हर किसी को सलाह देता हूं कि ब्रैम्पटन में मौजूद कई शानदार पैटियोज की पड़ताल करें, जब हम इस मुश्किल समय के दौरान हमारे लोकल रेस्टोरेंट्स की मदद कर रहे हैं।"

– *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हमारा सौभाग्य है कि हमारे विविध शहर में कई तरह के शानदार रेस्टोरेंट्स हैं और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम लोकल को सहयोग करें क्योंकि वे कोविड-19 से लगातार गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। हमाले लोकल कारोबारियों और आर्थिक बहाली को सहयोग करते हुए, भोजन घर लेकर जाने से लेकर पैटियोज में जाने तक, हमारे शहर में मौजूद, ब्रैम्पटन की बेजोड़ जगहों का आनंद मानने के कई तरीके हैं।”

- *पॉल विसेंट (Paul Vicente), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; वाइस-चेयर, इकोनॉमिक डेवलेपमेंट एंड कल्चर कमेटी; को-लीड, इकोनॉमिक स्पोर्ट टास्क फोर्स; सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“मुझे खुशी है कि पैटियो ब्रैम्पटन प्रोग्राम का विस्तार हो गया है, ताकि रेस्टोरेंट्स और बार्स अपने भोजन संबंधी संचालनों और अपने ग्राहकों की सुरक्षा को कायम रख सकें। हालांकि अक्तूबर को स्मॉल बिजनेस मंथ के तौर पर निश्चित किया गया है, लेकिन लोकल संस्थानों को पूरा-वर्ष हमारी मदद की जरूरत है। इस कारण हमारे लिए उनके साथ मिलकर काम करने को जारी रखना आवश्यक है, ताकि इस बेहद मुश्किल समय में उनके आगे आने वाली चुनौतियों से उबरने में उनकी मदद के लिए नए और परिवर्तनशील तरीके निर्धारित किए जा सकें। रुकावटों को दूर करने और हमारी अर्थव्यवस्था को पुनः बहाल करने के लिए साथ मिलकर काम करना, हमारे आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण है।”

- *माइकल प्लेशी (Michael Palleschi), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 2 और 6; को-लीड, इकोनॉमिक स्पोर्ट टास्क फोर्स; सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“काउंसिल और स्टाफ, लोकल कारोबारियों को सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जब वे कोविड-19 महामारी के जारी प्रभावों से बाहर निकल रहे हैं। स्टाफ, हमारे लोकल रेस्टोरेंट्स, बार्स और खानपान संबंधी अन्य संस्थानों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा, ताकि हमारे ग्राहकों और निवासियों को सुरक्षित रखते हुए, विंटर पैटियोज को बदलने में उनकी मदद की जा सके।”

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca